28/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज दस साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक तिरपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सड़सठ प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से पच्चपन प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

0000000000000000000

अफ्रीका के अनेक भागों में मंकीपॉक्स के मामले पाए जाने और उनके प्रसार को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस महामारी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा घोषित किया है। संगठन के अनुसार, वर्ष दो हजार बाईस के बाद से विश्व भर में एक सौ सोलह देशों से निन्यानवें हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और इस महामारी से दो सौ आठ लोगों की जान जा चुकी है।

भारत ने मंकीपॉक्स की जांच के लिए स्वदेशी आरटी-पीसीआर परीक्षण किट विकसित कर ली है। केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने इस वायरल बीमारी के लिए सिमेन्स हैल्दीनीर की आरटी-पीसीआर किट को मंजूरी दे दी है। इसका इस्तेमाल आई.एम.डी.एक्स. मंकीपॉक्स के निदान के लिए किया जाएगा। इसके जरिए मात्र चालीस मिनट में परिणाम प्राप्त किया जा सकेगा, जो अन्य जांच पद्वतियों की तुलना में अधिक त्वरित है। परम्परागत जांच पद्वतियों में इस रोग के निदान में एक से दो घंटे का समय लगता है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में निजी एफएम रेडियो चरण III नीति के तहत सात सौ चौरासी दशमलव आठ सात करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य के साथ दो सौ चौतीस नए शहरों में सात सौ तीस चैनलों के लिए आरोही ई-नीलामी के तीसरे बैच के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल ने वार्षिक लाइसेंस शुल्क वसूलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। निजी एफएम रेडियो की शुरुआत से एफएम रेडियो की अधूरी मांग पूरी होगी और निजी एफएम रेडियो प्रसारण सामने आएगा तथा मातृभाषा में नया/स्थानीय कंटेंट सामने आएगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, स्थानीय बोली और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और 'वोकल फॉर लोकल' पहल को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र में संयुक्त उद्यम के माध्यम से जल विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए उनकी इक्विटी भागीदारी के लिए पूर्वोत्तर की राज्य सरकारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करने के विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारी निवेश आएगा और स्थानीय लोगों को बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष रोजगार के साथ-साथ परिवहन, पर्यटन, लघु उद्योग के माध्यम से अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

0000000000000000000

राजधानी ईटानगर के डिप्टी कमिश्नर तालो पोटोम ने एसपी नाहरलागुन श्री मिहिन गाम्बो, ईएसी नाहरलागुन खोदा बाथ और राजमार्ग विभाग के अधिकारियों के साथ कल निरजुली से कारसिंगसा के बीच वाया-डक्ट पुल का दौरा किया। कल आपातकालीन सेवाओं के लिए यातायात की आवाजाही के लिए वाया-डक्ट का दाहिना भाग खोला गया था और तदनुसार प्रगति समीक्षा परीक्षा में लोड परीक्षण के बिना वाया-डक्ट पुल का बायां भाग सार्वजनिक उपयोगिता के लिए खोलना संभव नहीं होगा। राजमार्ग विभाग के विशेषज्ञों ने भी पहले लोड परीक्षण पूरा करने की सिफारिश की।

0000000000000000

मंगलवार को लोअर सियांग जिले के कमचाम गांव में बागवानी विभाग द्वारा अनानस की खेती की पैकेजिंग और प्रथाओं पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य सरकार के एएनबीवाई के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाईस किसानों ने भाग लिया। बागवानी टीम द्वारा कमचाम गांव के किसानों को विशेष रूप से मल्चिंग, कीट और रोग प्रबंधन, खाद की खुराक का उपयोग आदि के बारे में तकनीकी ज्ञान दिया गया।

000000000000000000000

देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज (डीएनजीसी) परिसर में इकतीस अगस्त को आयोजित होने वाले दूसरे जॉब फेयर (नौकरी देने के लिए) में देशभर से पच्चीस से अधिक नियोक्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। यह आयोजन ईटानगर स्थित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) केंद्र के सहयोग से किया जा रहा है। डीएनजीसी के प्रिंसिपल के कार्यालय में कल एक बैठक आयोजित की गई।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने कल अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग गांव में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ महिला समानता दिवस मनाया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, साथ ही देशभर में महिलाओं द्वारा किए गए बलिदानों को सलाम करना भी था, ताकि एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में लैंगिक समानता के महत्व की पुष्टि की जा सके।0000000000000

चल रहे बुनियादी अंग्रेजी कक्षा पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में, डिबो गाँव बुढ़ा-बुढ़ा एसोसिएशन (DGBBA) ने सोमवार को जीरो प्लेट्यू पर एक दिवसीय प्रदर्शन-सह-मनोरंजन दौरे का आयोजन किया। दौरे के दौरान, दुता, मुदांग तागे और बामिन मिची गाँवों के कुल पच्चीस गांव बूढ़ाओं ने जिला संग्रहालय, जल उपचार संयंत्र, एक्वा पार्क और नारा आबा वाइनरी और पहले बड़े पैमाने पर गोभी के बगीचे का दौरा किया। डिबो गाँव बुढ़ा-बुढ़ी एसोसिएशन के संयोजक और पब्लिक इंटरप्रेटर याचांग ताचो ने बताया कि इसी तरह के कार्यक्रम का एक और संस्करण जल्द ही वैली के भीतर सर्दियों के मौसम के दौरान आयोजित किया जाएगा।